**ई-मेल/अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध**

**प्रेषक**,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में**,

समस्त प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**विषय: प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में छात्र/छात्रा के नाम एवं पिता नाम में वर्तनी संसोधन के सम्बन्ध में।**

**लखनऊ: दिनांक:** 22/10/2022

**पत्रांक:प्राशिप/अनु०3/2022/** 10047

**महोदय,**

कृपया परिषद् के पत्रांक: प्राशिप/अनु०3/2022/8979 लखनऊ दिनांक: 23.09.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा परिषद् के जारी परीक्षा परिणाम में यदि किसी छात्र/छात्रा के नाम अथवा पिता के नाम में वर्तनी संसोधन वांछित है तो सम्बंधित छात्र/छात्रा द्वारा परिषद् की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक जनहित सर्विसेज का प्रयोग करते हुए सम्बंधित छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन सबमिट किया जायेगा तत्पश्चात सम्बंधित संस्था द्वारा छात्र/छात्रा के आवेदन का परिक्षण करते हुए परिषद् को अग्रसारित किये जाने के निर्देश दिए गए थे।

किन्तु बड़े खेद के साथ अवगत कराना हैं कि लगभग 900 से अधिक आवेदन संस्था स्तर पर अभी भी पेंडिंग हैं जिसे संस्था द्वारा परिषद् को अग्रसारित नहीं किया गया हैं।

अतः आप को निर्देशित किया जाता हैं कि संलग्न दिशा-निर्देश के अनुसार अपनी संस्था में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवेदन करवाना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता हैं कि अंकतालिका प्रिंट होने के पश्चात किसी भी दशा में संसोधन नहीं किया जायेगा जिसके हेतु संस्था एवं सम्बंधित छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे |

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता हैं कि अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक: 31.10.2022 तक उक्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय
Khan
(एफ० आर० खान)
सचिव

**पृ०सं०: प्राशिप/ अनु०3/2022/** 10048 **दिनांक:** 22/10/2022

**प्रतिलिपि:** संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी/मध्य/बुन्देलखण्ड/पश्चिमी क्षेत्र, उत्तर-प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

Khan
(एफ० आर० खान)
सचिव